श्री बंशीधर नगर, शनिवार

04.05.2024

वैशाख कृष्णपक्ष एकादशी, संवत 2081

वर्ष : 02, अंक : 248


**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:18 बजे
अस्त - 06:26 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 41 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





डिजिटल अखबार   www.banshidharnews.com



बूथ प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित >> पेज 03 | कल्पना सोरेन ने चलाया जनसंपर्क अभियान >> पेज 04


## सुविचार

हम जिस नजर से दुनिया को देखते हैं, दुनिया वैसी ही नजर आती है, इसलिए अच्छा है नजरिया सही रखो!

## न्यूज अपडेट्स

### पिता की गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत रतनाग गांव में एक बेटे ने पिता की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बेटा समेत पूरा परिवार फरार है। घटना के पीछे ओझा गुणी का मामला सामने आया है। लगातार विवाद होने के कारण गुस्से में बेटे ने पिता की हत्या की। एमआरएमसीएच में शुक्रवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम किया गया। रतनाग गांव में 60 वर्षीय कृष्ण सिंह कथित ओझा गुणी का काम करता था। गोतिया परिवार के लोग उस पर भूत लगा देने का आरोप लगाते थे। ऐसे में विवाद होते रहता था। कई बाद पंचायत भी हुई थी। कृष्णा सिंह को ऐसे कार्य नहीं करने की सलाह दी गयी थी। इसके बावजूद उसमें कोई सुधार नहीं हुआ।

### हेमंत सोरेन को 6 मई को पेरोल

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को जमीन घोटाले से जुड़े मामले में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में छह मई को पुलिस कस्टडी में शामिल होने की अनुमति दे दी। साथ ही हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने उनकी प्रोविजनल बेल की याचिका को खारिज कर दिया। पुलिस कस्टडी के दौरान कोर्ट ने मीडिया और गवाह से बात नहीं करने या कोई राजनीतिक बयान नहीं देने की बात भी कही है। हेमंत सोरेन के चाचा राजा राम सोरेन का शनिवार की सुबह निधन हो गया था। हेमंत ने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए हाई कोर्ट से छह मई के लिए प्रोविजनल बेल मांगी थी। गत शनिवार को ईडी की विशेष अदालत ने चाचा के अंतिम संस्कार एवं क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन की 13 दिनों की मांगी गई प्रोविजनल बेल को नामंजूर कर दिया था।

**रांची में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब**

# लगे अबकी बार 400 पार के नारे



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया। इस दौरान लोगों ने अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। वहीं, खुली जिप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को नमस्कार करते नजर आये और हाथ में कमल का निशान लिए थे, जो लोगों को दिखाते हुए और मुस्कुराते हुए मतदान की अपील कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने रांची के भारत माता चौक हरमू से रोड शो की शुरूआत की। काफिले में रांची लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ, भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी ने खुली जीप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। काफिला जैसे-जैसे अपने निर्धारित कार्यक्रम स्थल रातू रोड चौराहे के करीब पहुंच रहा था लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। उनकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकताओं का जमावड़ा रहा। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे लोग प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह मोदी के स्वागत की तैयारी की गई थी। भाजपा के साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के स्वागत में जुटे थे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रातू रोड चौराहे के पास स्वागत कार्यक्रम रखा गया था, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत ढोल नगाड़े और लोकल डांस के साथ किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री का काफिला राजभवन की ओर बढ़ गया। बता दें कि रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार रोड शो किया। पहली बार साल 2019 में उन्होंने रोड शो किया था। दूसरी बार साल 2023 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर आए थे, तब उन्होंने रोड शो किया था।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रोड शो शुरू होने के निर्धारित स्थल के बीच भाजपा कार्यालय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में भाजपा कार्यालय को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था। बड़े-बड़े हॉर्डिंग और पोस्टर लगाए गए थे। भारत माता चौक से रातू रोड तक छह से सात जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री का स्वागत भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने किया।

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अभी से ही हरमू बायपास रोड में गाड़ियों की आवाजाही को रोक दिया गया था। रोड शो के निर्धारित रूट में आने वाले तमाम कट को बैरिकैडिंग कर बंद कर दिया गया था। सड़क के दोनों ओर डबल लेयर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। रूट के दोनों ओर जितने भी ऊंचे भवन हैं, वहां भी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। ये पूरे रोड शो के दौरान नजर रखे हुए थे। प्रमुख रोड शो के रूट के प्रमुख चौराहों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।

## मेरे रहते कोई संविधान को हाथ नहीं लगा सकता : मोदी

**चाईबासा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता। मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार



देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को यदि कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल की दूरदृष्टि थी कि झारखंड बना। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आएं। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़ों का हक मुसलमानों को दे देगी और घुसपैठियों के कारण झारखंड बंगाल बन जाएगा।

### कांग्रेस व झामुमो में लूट की रेस

मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं। कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी।

### आदिवासियों का हक छीना जा रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। ये लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई बहनों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। यही हाल झारखंड का बनाना चाहते हैं।

**जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन**

# सभी सीटों पर इंडी गठबंधन की होगी जीत : चंपाई

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने दो सेटों में शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व मोहंती ने आवास पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे। समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची स्थित बोधि मैदान में आयोजित सभा में चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।



इंडी गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है।

### बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, जिसे वे जनता के बीच रख सकें। अब वे चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बलात्कारी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है।

भट्टाचार्य ने कहा कि जमशेदपुर की जनता इस बार मन बना चुकी है। समीर मोहंती को जीत से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि समीर के नामांकन में लाखों की संख्या में जुटे गांव से लेकर शहर तक की जनता इस बात का गवाह है कि जमशेदपुर में बदलाव होने जा रहा है। ईडी के रडार पर आने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं हूं। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

# राहुल गांधी सात को आयेंगे झारखंड, गुमला के बसिया में करेंगे चुनावी सभा

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सात मई को झारखंड आयेंगे। राहुल गांधी गुमला के बसिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रथम चरण वाले चुनाव के सभी चार आईएनडीआईए उम्मीदवार राहुल गांधी के मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही राहुल गांधी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता शामिल होंगे चौथे चरण के



उम्मीदवारों में लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा, पलामू से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां और सिंहभूम की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी आदि मंच पर मौजूद रहेंगी। राहुल गांधी के इस कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर दो दिनों में लोहरदगा, खूंटी, गुमला और सिमडेगा में बैठक कर चुके हैं। इसकी पुष्टि कांग्रेस के एक वरीय नेता ने शुक्रवार रात की है।



# नये इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में शुक्रवार को नये इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन किया गया। इस भवन में नये सत्र से बीटेक, डिप्लोमा, एमबीए, बीबीए, बीसीए, एमसीए आदि कोर्स का संचालन किया जायेगा। उद्घाटन से पूर्व बाबा अवधूत राम के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का प्रारंभ इस भवन से हो रहा है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में छात्र-छात्राएं देश में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ लल्लन सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का ज्ञान विद्यार्थियों में होना आवश्यक है। तकनीकी शिक्षा देश को नित नई ऊंचाईयों पर ले जायेगा। तकनीकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार ने भवन मे संचालित विभिन्न कोर्स के बारे में बताया। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने तकनीकी महाविद्यालय के उद्घाटन पर बधाई एवं शुभकामना दी। मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ अरविंद सिंह, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ मनीष दुबे, नीतेश पाठक, एसके ओझा, एनके प्रसाद, सुभाष कुमार, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, सुबोध शर्मा, उमाशंकर वैद्य, अनिमेष चौबे, हिमांशु वैद्य, रविराज, उपेंद्र विश्वकर्मा, नितीश कुमार आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ने गरीब लड़की की शादी में दिया सहयोग

**भवनाथपुर :** प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार सिंह ने पंचायत के ढेकुलिया टोला निवासी एक गरीब लड़की की शादी में आर्थिक रूप से मदद की है। उन्होंने शादी में लड़की के पिता रामकिशुन ठाकुर को पांच हजार एक सौ रुपये की आर्थिक सहायता की। मौके पर पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ने बताया कि गरीब असहाय रामकिशुन ठाकुर का परिवार आर्थिक तौर पर कमजोर है। परिवार ने सामाजिक तौर पर मुझसे अपनी बेटी की शादी में मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुये मैंने गरीब परिवार की मदद की है। गरीब लड़की की शादी में मदद करने पर ग्रामीणों ने समाजसेवी सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह का आभार जताया है।

**चुनाव** जनता मोदी को देखने के लिये लालायित है : वीडी

# मोदी आज पलामू में करेंगे चुनावी सभा, तैयारी पूरी

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई की सुबह 10 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पलामू के चियांकी हवाई अड्डे पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। 3000 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। सभा में अत्यधिक भीड़ की संभावना को देखते हुये जिला प्रशासन ने भी विशेष तैयारी कर रखी है। कई जगह बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है। कई मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर हेलीकॉप्टर लैंडिंग का ट्रायल हो गया है। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन व सुरक्षा टीम ने स्थल का बारीकी से मुआयना किया है। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पलामू लोक सभा सीट से प्रत्याशी विष्णुदयाल राम, चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी कालीचरण सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

इधर कार्यक्रम को लेकर पलामू से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने आज सभा स्थल का दौरा किया। बाद में उन्होंने जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, वरीय नेता श्याम नारायण दूबे, मेदिनीनगर के पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह आदि के साथ शुक्रवार की शाम में प्रेस को संबोधित किया। श्री राम ने कहा कि पलामू की जनता अभी से अपने प्रधानमंत्री को देखने के लिये लालायित है। पलामू व चतरा संसदीय क्षेत्र समेत लातेहार व गढ़वा जिले से डेढ़ लाख लोग पीएम की जनसभा में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रत्येक प्रखंड से भाजपा कार्यकताओं व मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये आमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है। दस हजार से अधिक परिवारों तक आमंत्रण पत्र पहुंच गया है। शुक्रवार को भी आमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। सभी प्रखंडों में प्रभारी के नेतृत्व में अभियान चल रहा है। सुबह आठ बजे ही चियांकी में कार्यकताओं को बुलाया गया है।

## माईक्रो आब्जर्वर करेंगे निर्धारित मतदान प्रक्रिया का सूक्ष्म प्रेक्षण : जेनरल आब्जर्वर



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आदेशानुसार गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय में 236 सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जेनरल आब्जर्वर श्रीमती रेम्या मोहन ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की पूरी अवधि में मौजूद रहते हुये सूक्ष्म प्रेक्षकों को कई निर्देश व सुझाव दिये। श्रीमती रेम्या मोहन ने कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान दल का हिस्सा नहीं होते हैं। वे संबंधित मतदान केन्द्र पर मतदान दल द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानदंडों को अपनाये जाने का प्रेक्षण करेंगे तथा विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग करेंगे। उन्होंने सूक्ष्म प्रेक्षकों से संवाद कर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की। डीडीसी रवि आनंद ने गाईडलाईन के अनुरूप प्रशिक्षण का सफल संयोजन किया। वहीं हेरिटेज स्कूल में 520 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया। डीसी शशिरंजन स्वयं प्रशिक्षण स्थल पर पहुंच कर आदेश दिया कि मतदान दल के सभी पदाधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर टीम भावना से काम करें। कोई भी त्रुटि अक्षम्य है। इसलिये प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र नारायण, प्रधान सहायक रामलखन राम, अजित कुमार व सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण को अनुसमर्थन प्रदान किया। एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा व जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दुगार्नंद झा सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया। मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, अमरेन्द्र नारायण, सुमंत तिवारी, सुनील कुमार उपाध्याय, संजय सिंह, नीरज कुमार पाण्डेय, सतीश कुमार सिन्हा, विनोद दीक्षित, मनोज कुमार द्विवेदी, आलोक कुमार, सरोज कुमार आजाद, गोविन्द प्रसाद, संजय कुमार पाण्डेय, निरंजन कुमार दूबे, माणिक गोपाल दास, देवेश कुमार पाण्डेय ने सूक्ष्म प्रेक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

## लड़ाई वीडी राम का नहीं, शहर के विकास का है : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर अपनी पूरी टीम के साथ स्टेशन रोड, वेलवाटिका, गुरुद्वारा रोड और कई जगहों पर पंजाबी ढोल बाजे के साथ दौरा कर 4 तारीख सुबह 8 बजे चियाकी एयरपोर्ट सभा स्थल पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया। साथ ही उन्होंने लोकप्रिय सांसद प्रत्याशी वीडी राम को अपार मतों से विजयी बनाने के लिये 13 तारीख की सुबह मतदान करने की अपील की। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब इस बार पहले से भी ज्यादा वोट से वीडी राम जी को जीताकर सिर्फ सांसद नहीं मंत्री बनाने का दावा करेंगे। ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो। यह लड़ाई सिर्फ वीडी राम का नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास का है। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब चेंबर के सदस्यों के साथ घूम-घूम कर प्रयास कर रहे हैं कि इस बार हमारे शहर का वोट प्रतिशत बढ़े। हमें पूरा विश्वास है कि हम सबको इसमें अवश्य सफलता मिलेगी।

## सूखने के कगार पर कोयल, पेयजलापूर्ति हो सकती है प्रभावित

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में एक बार फिर पेयजल संकट की संभावना के आसार बढ़ गये हैं। मेदिनीनगर की लाईफ लाईन कोयल नदी सूखने लगी है। स्थिति यह है कि मेदिनीनगर शहर में पेयजलापूर्ति नियमित करने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को प्रतिदिन चैनल की खुदाई करनी पड़ रही है। वर्तमान में कोयल नदी में 5 से 6 फीट तक गहरा चैनल खोदा गया है जिससे पेयजलापूर्ति हो पा रही है। इधर पेय जलापूर्ति नियमित रखने को लेकर आज विभाग के जेई ददन राम और पाईपलाईन इंस्पेक्टर संजय गुप्ता ने पंपूकल प्लांट का दौरा कर स्थिति का आकलन किया। जेई श्री राम ने कहा कि पेयजलापूर्ति नियमित करने को लेकर जब तक संभव हो सकेगा नदी में चैनल की खुदाई की जायेगी। इस कार्य में मेदिनीनगर नगर निगम का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। लेकिन एक समय सीमा के बाद चैनल से भी उतना पानी नहीं मिल पायेगा, जिससे शहरवासियों को नियमित पेयजल मिल सके।

## प्राचार्य ने अभिभावकों के साथ की बैठक, शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्णय

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** रेहला संत तुलसीदास कॉलेज के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को कॉलेज के सभागार में अभिभावकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कॉलेज में शिक्षण व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिये सबसे अपेक्षित सहयोग की अपील की। बैठक में अभिभावकों के अलावे कॉलेज के सभी संकाय के प्राध्यापक भी उपस्थित थे। प्राचार्य श्री मिश्रा ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित कॉलेज भेजने का अनुरोध किया। अभिभावकों ने कॉलेज प्रबंधन को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया ताकि कॉलेज में शिक्षा का और बेहतर माहौल बन सके। प्राचार्य ने बैठक में शामिल लोगों को बताया कि कॉलेज में नियमित कक्षाएं एवं नियमित रूप से खेलकूद की व्यवस्था की जा रही है। क्योंकि शिक्षा आज के समय में बहुत ही जरूरी हो गई है। बैठक में अभिभावक सतीश कुमार, विकास कुमार, सुदर्शन राम, प्रियंका देवी, चंदा कुमारी, राम प्रसाद साहू, रानी कुमारी, प्रीति देवी, गौतम कुमार सिंह, जितेंद्र पाल, रोहित सिंह के अलावे कॉलेज के प्राध्यापक राकेश कुमार शुक्ला, रंजन दुबे, शशि रंजन सिंह, कृष्ण कुमार चौबे, टीपी तिवारी, शबनम निशा, ज्योति कुमारी, रामजी चौबे, आशा कुमारी, वृंदा कुमारी, डॉ श्याम मिश्रा, अजय ओझा, अस्मिता पांडेय सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने किया जनसंपर्क



**नावाबाजार :** छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में जनसंपर्क किया। श्री किशोर ने समर्थकों के साथ नावा बाजार के पासवान टोला में लोगों से मुलाकात की और भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को 13 मई को चुनाव चिन्ह कमल के फूल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पलामू के योग्य कर्मठ जुझारू उम्मीदवार को जीत दिलाएंगे तभी पलामू का बेहतर विकास होगा। जनसंपर्क अभियान में दिलीप पासवान, बबलू पासवान, विकास पासवान, विनय पासवान, सत्यम गुप्ता, उपेंद्र कुमार, कुदरत अली, इसरार अहमद आदि शामिल थे। बता दें कि पूर्व विधायक श्री किशोर कांग्रेस, जदयू, भाजपा, राजद आदि दलों में रह चुके हैं और हाल ही में उन्होंने राजद से इस्तीफा दे दिया है।

## पदच्युत चालक ने नाजिर पर लगाया गंभीर आरोप, ईडी से कार्रवाई की मांग की है

# 13 वर्षों से जमे हैं, अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप

बलराम शर्मा



**मेराल :** प्रखंड के पदच्युत चालक व ओखरगाड़ा गांव निवासी सत्य प्रकाश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रांची को लिखित आवेदन देकर मेराल प्रखंड कार्यालय में कार्यरत नाजीर सह प्रधान सहायक सुनील कुमार पर अवैध रूप से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुये कार्रवाई करने की मांग की है। ईडी को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि समाहरणालय लिपिक संवर्ग में लिपिक के पद पर सुनील कुमार 2004 में योगदान दिया था। तब से 10 वर्षों तक जिला तथा डंडई प्रखंड में नाजीर के पद पर कार्यरत रहे, उसके बाद पिछले 13 वर्षों से मेराल में नाजीर के साथ संवैधानिक रूप से प्रधान सहायक के पद पर कार्य करते हुये पदाधिकारी की मिली भगत से अकूत संपत्ति अर्जित की गयी है। उनके द्वारा मनरेगा तथा 15 वें वित के रेकड़ पंजी संधारण के साथ-साथ प्रशासनिक मद में फर्जी बिल के माध्यम से लाखों रुपये की निकासी कर ली गई है। पदाधिकारी के नजदीकी का फायदा उठाकर वित्तीय वर्ष 2020-21 में कार्यालय सुंदरीकरण के लिये आवंटित 20 लाख रुपये का फर्जी बिल बनाकर निकासी कर ली गई है। उपरोक्त आरोप लगाते हुये सत्य प्रकाश ने ईडी से कार्रवाई करने की मांग की है।

### आरोप निराधार है : प्रखंड नाजिर

आरोप के संबंध में पूछे जाने पर नाजीर सह प्रधान सहायक सुनील कुमार ने कहा कि सत्य प्रकाश के द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को किसी मामले को लेकर उपायुक्त महोदय के द्वारा दैनिक मजदूरी पर कार्यरत चालक सत्य प्रकाश को कार्य मुक्त कर दिया गया है। जिसको लेकर उन्होंने मेरे ऊपर अनर्गल आरोप लगाया है, आरोपों की जांच के लिये मैं तैयार हूं।

## इनामी माओवादी पर एफआईआर

**मेदिनीनगर :** पलामू में माओवादियों द्वारा पोस्टर चिपकाने के मामले में 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी नितेश यादव, संजय गोदाराम, सीताराम रजवार समेत कई अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल भाकपा माओवादियों ने गुरुवार को पलामू के हैदरनगर, पांडू समेत कई थाना क्षेत्रों में पोस्टर चिपकाये थे। पोस्टर में वोट समेत कई बातें लिखी थीं। पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# पलामू से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित : राज राजेंद्र प्रताप देव

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** पूर्व विधायक सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पलामू से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। साथ ही केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। वे शुक्रवार को नगर गढ़ स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने केंद्र की मोदी सरकार को दस वर्षों तक मौका दिया, इन दस वर्षों में जनता को अपेक्षा थी कि मोदी सरकार युवाओं, बेरोजगारों, गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों के लिये कार्य करेगी। परंतु मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है। श्री देव ने कहा कि मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल हुई है। आज देश में महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देशहित में कोई कार्य नहीं कर पाई। जनता से उनका कोई लगाव नहीं है जिसके कारण आज पूरे देश में पीएम का विरोध है और कांग्रेस की लहर है। उन्होंने कहा कि सांसद वीडी राम की नाकामी के कारण पलामू की जनता इस बार यहां से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जीताकर दिल्ली में अपनी आवाज बनाने का निर्णय ले लिया है। कांग्रेस के गढ़वा जिला के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की जनता को धोखा देने का काम किया है। इस सरकार से लोगों का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने पलामू की जनता से महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां को विजयी बनाने की अपील की। मौके पर मोबिन अंसारी, अब्दुल मलाल, जयप्रकाश पांडेय, साकेत सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, उपेंद्र राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## बुजुर्ग और दिव्यांगों ने घर से किया मतदान

**मेराल :** निर्वाचन टीम ने शुक्रवार को प्रखंड के बिकताम बुथ संख्या 34 के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता के घर जाकर मतदान कराया। इस संबंध में बीपीआरओ वसंत पांडेय ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले एवं दिव्यांग जनों का बूथ स्तर पर घर जाकर मतदान करना है। उन्होंने बताया कि 3 से 6 मई तक मेराल प्रखंड में मतदान संपन्न होगा। 4 मई को ओखरगड़ा के बूथ संख्या 39 के अंतर्गत आने वाले चार लोगों का मतदान होगा। जबकि 5 मई को अरंगी के बूथ संख्या 52 पर एक आदमी का एवं मेराल के बूथ संख्या 62 पर तीन लोगों का मतदान कराया जाना है। 6 मई को तीसरटेटुक बूथ संख्या 103 पर एक व्यक्ति का मतदान होगा।

**चुनाव** झामुमो के बूथ प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# गठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर शुक्रवार को झामुमो के बूथ एवं पंचायत प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में रंका एवं मेराल के बूथ प्रभारियों एवं पंचायत प्रभारियों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक वोट दिलाने के लिये प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पार्टी के सभी पदाधिकारियों, प्रभारियों एवं कार्यकताओं ने पलामू लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया।





साथ ही सभी बूथ कमेटी को प्रत्येक गांव एवं पंचायत में डोर टू डोर कैंपेनिंग करने, मतदाताओं को जागरूक करने, बूथ कमेटी के लोगों का चुनाव करने आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भाजपा का समय अब समाप्त हो चुका है। जनता भाजपा के शासन से उब चुकी है। इस बार केंद्र में भाजपा का सरकार बनना मुश्किल कार्य है। उन्होंने कहा कि जनता को ठगकर झूठ एवं फरेब के बल पर अधिक दिनों तक शासन नहीं किया जा सकता है। भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है। जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड की जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिये कमर कस चुकी है। झामुमो के एक-एक सिपाही महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि भाजपा का चार सौ पार का नारा सिर्फ नारा ही रह जायेगा, हकीकत में बदलने वाला नहीं है। भाजपा चाहे जो भी हथकंडा अपना ले इस बार लोकसभा चुनाव में सफलता नहीं मिलने वाली है। झामुमो के प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ दिन रात लगे हुये हैं। पलामू लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, आशीष अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, शंभु राम, राजकिशोर यादव, रौशन पाठक, अराधना सिंह सहित दोनों प्रखंडों के पंचायत प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांडी थाने में दो रूम सील

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** कांडी थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय डब्लूपीसी नंबर 2532/2021 के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के विविध आदेश के अनुसार आदेश संख्या 132/2024 दिनांक 03/05/24 के पारित आलोक में कांडी थाना में स्थिति आउट पोस्ट ओपी को स्थानीय गवाहों के समझ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के नाजीर दीपक कुमार के द्वारा एक भवन के दो रूम सील किया गया। ताकि इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा, इस पूरे परिसर की देख रेख की जिम्मेदारी कांडी थाना के प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से दिया जाता है। विदित है कि इस कांड के वादी अजय कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में फरियाद याचिका में वर्णित खाता 206 प्लौट संख्या, 78, रकबा 05 डी0 का मामला अगले आदेश तक उच्च न्यायालय के विचाराधीन है। मौके पर कांडी अंचलाधिकारी मो अफताब आलम, सीआई जगरनाथ मांझी, न्यायालय क्लर्क महेन्द्र राम, थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप पासवान, विनोद राम, कन्हाई पासवान आदि लोग मौजूद थे।



## श्री सर्वेश्वरी समूह ने आबादगंज में खोली पनशाला

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा की ओर से आबादगंज में स्थित त्रिवेणी नर्सरी परिसर में पनशाला खोला गया। पनशाला का शुभारंभ समूह के वरिष्ठ सदस्य वृजेन्द्र नाथ शाही ने परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और गुरूपद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर किया। मौके पर श्री शाही ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह आध्यात्म के साथ साथ सेवा क्षेत्र में निरंतर सक्रिय होकर कार्य कर रहा है। सेवा कार्य में लगे लोगों को आत्मिक संतुष्टी मिलती है। सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिये। इस तरह के कार्य से समाज के अंदर सेवाभाव का बेहतर वातावरण तैयार होता है। व्यवस्थापक योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि मेदिनीनगर शहर में समूह द्वारा अब तक दो पनशाला की शुरूआत की गयी है, आगे और भी पनशाला खोला जायेगा ताकि आमजनों को राहत मिले। मौके पर स्थानीय शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, मंत्री प्रताप नारायण शाही, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय, संतोष राय, माधुरी शाही, स्मृति शाही, रूद्र प्रताप शाही, संजय दूबे, शुभम राज, सुधीर कुमार सिंह आदि मौजूद थे।




## मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन के लिये पत्र जारी



**मझिआंव :** मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां संचालित किये जाने के संबंध में बीडीओ सतीश भगत पत्र जारी किया है। जिसमें झारखंड सरकार मंत्री मंडल (निर्वाचन) विभाग रांची निर्देशानुसार मझिआंव बीडीओ ने सभी मतदान केन्द्रों पर गठित बुथ एवरनेंश ग्रुप (बीएजी) को कहा है कि सात मई को संध्या 5:00 बजे बैठक आयोजित करते हुये उक्त बैठक के दौरान मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां संचालित की जानी है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उसी दिन संध्या 6 बजे से 8 बजे के बीच अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर निर्वाचन से वोटर अवेयरनेस पोस्ट आदि करें, साथ हीं पोस्ट में हैजटैग मैं भी इलेक्शन एंबेसेडर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे और मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बने।

## दो दिवसीय फूड फेस्टिवल 4 व 5 को

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव 2024 में अधिकाधिक लोगों को मतदान करवाने के उद्देश्य से शनिवार व रविवार को शहर के शिवाजी मैदान में दो दिवसीय फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा ।इसमें कुल 34 अलग-अलग फूड फेस्टिवल लगाया जायेगा। साथ ही आईपीएल देखने को लेकर बड़ा टीवी स्क्रीन भी लगाया जायेगा। यहां शहर के लोग खाना व साथ में आईपीएल का भी मजा ले सकेंगे। इस कार्यक्रम का पूरा थीम मतदाता जागरूकता पर रहेगा। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने शहरवासियों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुये अपने स्तर से भी दूसरे लोगों को 13 व 20 मई को मतदान करने की अपील की है।

## पांडू में देशी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार



**विश्रामपुर :** पांडू थाने की पुलिस ने तीसीबार गांव से एक देशी कट्टा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कुछ बातों को लेकर तीसीबार वहां के दो पक्षों में मारपीट हुई थी। उस दौरान एक युवक के पास अवैध रूप से देशी कट्टा रखने की बातें सामने आई थी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी अमित कुमार, राजेन्द्र बैठा व गोल्डन कुमार को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पांडु थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।इसके पहले भी पिछले माह में पांडू पुलिस ने देशी कट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**अनंत प्रताप देव की उपस्थिति में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक**

# ममता भुईयां को जिताने का निर्णय

बंशीधर न्यूज

**डंडई :** लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी ममता भुईयां को बड़ी जीत दर्ज कराने को लेकर इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं की बैठक शुक्रवार को डंडई स्थित जगदीश सोनी के आवास पर हुई। बैठक में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जिताने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने लोगों से आगामी 13 मई को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां के लालटेन छाप पर मुहर लगाकर जीत दिलाने की अपील की। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा की इंडिया गठबंधन ने पलामू लोक सभा से ममता भुईयां को प्रत्याशी बनाकर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। जिसे हम सभी को मिलकर जीत सुनिश्चित कराना है। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा की पलामू में दस वर्षो तक सांसद रहने के बावजूद वीडी राम ने पलामू की समस्या को दूर करने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू की जनता इस बार बदलाव के लिये तैयार है। उन्होंने लोगों से लालटेन छाप पर मुहर लगाने की अपील की। राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने दो नंबर लालटेन छाप प्रत्याशी ममता भुईयां को आपार मतों से जीताने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सुभाष मेहता व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता ने की। मौके पर झामुमो नेता रामाशीष प्रसाद, जितेंद्र कुमार ठाकुर, अरविंद पासवान सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।








# चुनाव हर कार्यकर्ता लड़ता है : गुलाम अहमद मीर




**रांची।** कांग्रेस के गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिले के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हुई। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले, वार्ड, प्रखंड में लड़ता है, ताकि पार्टी की जीत हो सके। दस वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं। अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन के जरिये बूथ स्तर कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी और बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं वो नहीं चाहते हैं कि इस देश में आदिवासियों दलितों का उत्थान हो।

## कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देखकर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत वापस नहीं आ जाते तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी।

कल्पना ने कहा कि मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। सरकार चलाने के भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी। कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं है? यदि वे भाजपा शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है। कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

## चाईबासा की जनता ने प्रधानमंत्री को नकार दिया : राजेश ठाकुर

**रांची।** प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि चाईबासा की जनता ने प्रधानमंत्री को नकारने का काम किया। रैली की भीड़ यह साबित कर दिया कि अब झारखंड की जनता प्रधानमंत्री का झूठ नहीं सुनना चाहती है। ठाकुर ने कहा कि फिर से 2014 और 2019 वाला झूठ प्रधानमंत्री ने आज चाईबासा में बोला। आदिवासियों के प्रति झूठा प्रेम जताया लेकिन मणिपुर के आदिवासी भाइयों एवं बहनों की चीत्कार पर प्रधानमंत्री क्यूं खामोश रहे, यह नहीं बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आरक्षण पर दिये गये बयानों पर कहा कि प्रधानमंत्री यदि आरक्षण पर इतना गंभीर हैं तो यह बतायें क्या आप दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए आरक्षण के 50 प्रतिशत सीमा को हटाएंगे, हमने ऐसा करने की गारंटी दे दी है।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासी भाईयों एवं बहनों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने की सलाह तो दी लेकिन उनकी अस्मिता से जुड़े सरना धर्म कोड की बात प्रधानमंत्री ने नहीं की। क्योंकि, उन्हें झूठ बोलकर नकली प्रेम प्रदर्शित करना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारियों एवं बलात्कारियों के साथ मंच साझा करते हैं और यह कहते हैं कि इनको जीताने से हम मजबूत होंगे। इससे यह समझा जा सकता है कि



प्रधानमंत्री का अपार समर्थन दुराचारियों और भ्रष्टाचारियों के साथ है और बहुत ही साफगोई से विपक्ष के ऊपर आरोप लगाते हैं। यही है मोदी की गारंटी।

# पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें : रवि कुमार



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें।

रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें।

रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो।

रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

## लोकतंत्र के महापर्व में उत्सव का माहौल बनायें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पर्ची वितरण की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त नें दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके। उन्होंने मतदान की तिथि को किए जाने वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। एएमएफ, वोटर्स फैसिलेटेशन पोस्टर, कम्युनिकेशन प्लान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्लस्टर एवं बूथों पर सुचारू प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)